हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 2 मई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन नहीं मिलने से ग्रामीणों का फूटा आक्रोश



## खबर संक्षेप

### कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश हेतु आवेदन 15 मई से

**अम्बिकापुर।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में शा. कन्या शिक्षा परिसर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 22 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु कक्षा 5वीं एवं 8वीं में पंजीयन के लिए छात्राओं का ग्रेड ए होना अनिवार्य है। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु छात्राओं को कार्यालय प्राचार्य शा. कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर में कार्यालयीन समय में पंजीयन कराना अनिवार्य है पंजीयन की तिथि 15 मई से 13 जून तक है। कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु पंजीयन के लिए उत्तीर्ण कक्षा 5वीं एवं 8वीं में ग्रेड ए की अंकसूची, आधार कार्ड, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी साथ लाना होगा एवं मोबाइल नम्बर नोट कराना आवश्यक होगा। कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर प्रावीण्य सूची पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 6वीं के लिए कुल 35 सीट है जिसमें अनुसूचित जनजाति 28, अनुसूचित जाति 5,अन्य पिछड़ा वर्ग 2 सीट है। कक्षा 9वीं के लिए कुल 11 सीट है जिसमें अनुसूचित जनजाति 8, अनुसूचित जाति 3 है। वहीं कक्षा 11वीं के लिए 8 सीट है, जिसमें अनुसूचित जाति 6, अनुसूचित जाति 2 सीट है। सीटों की संख्या में आवश्यकतानुसार वृद्धि एवं कमी हो सकती है।

### 25 ग्राम पंचायतों के लिए लगेगा शिविर

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में कुल 30 क्लस्टर में शिविर आयोजित होंगे, जिसमें सभी विकासखण्डों में 24 एवं नगरीय क्षेत्र में 6 शिविर होंगे। इन शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं शासकीय योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित की जाएगी। हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र/प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे एवं आवेदन (मांग/शिकायत) लिए जाएंगे। जिसमें 25 ग्राम पंचायतों कांतिप्रकाशपुर, श्रीगढ़, बधियाचुआं, मानिकप्रकाशपुर, कंठी, करजी, सोहगा, बरटिकरा, शिवपुर, बकालो, खाला, कतकालो, सखौली, कुबेरपुर, आमादरहा, मोहनपुर, तिहपटरा, रेवापुर, पोड़पि, दरिमा, कोटेया, छिन्दकालो, लिबरा, करेया, महुआटिकरा के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अम्बिकापुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बिकापुर होंगे।

# भीषण गर्मी से बच्चों में तेजी से बढ़ रहे नाक की एलर्जी, गले के संक्रमण और एडिनॉयड के मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ मुंह खोलकर सांस लेने की आदत हो सकती है बीमारी,

भीषण गर्मी का बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों में नाक एलर्जी, जुकाम, एडिनॉयड के मामले बढ़ रहे है। बच्चों में मुंह खोलकर सांस लेने की समस्या आ रही है जिसे माता-पिता सामान्य बीमारी मान रहे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग इस समस्या को लेकर काफी चिंतित है। आलम यह है कि वर्तमान में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नाक-कान-गला विभाग की ओपीडी में बच्चों में बार-बार सर्दी-जुकाम, नाक बंद रहना, छींक आना, गले में खराश, खांसी, खर्राटे और मुँह खोलकर सांस लेने के मामले अपेक्षाकृत अधिक देखे जा रहे हैं। लगभग 50–60 मरीजों की दैनिक ईएनटी ओपीडी में ऐसे 3-5 बच्चे प्रतिदिन आ रहे हैं।



विशेषज्ञ चिकित्सकों की माने तो बच्चों में लगातार नाक बंद रहना केवल सामान्य जुकाम नहीं हो सकता। कई बार इसके पीछे नाक की एलर्जी, बार-बार संक्रमण, एडिनॉयड बढ़ना या कान में पानी जमना जैसी समस्या होती है। एडिनॉयड नाक के पीछे स्थित रक्षात्मक ऊतक है, जो 3–10 वर्ष की उम्र के बच्चों में बढ़ सकता है। इसके लक्षण प्रायः 4-8 वर्ष की आयु में अधिक स्पष्ट होते हैं। लंबे समय तक मुंह से सांस लेने पर चेहरे, तालू और दांतों की बनावट पर भी असर पड़ सकता है। यदि बच्चा रात में खर्राटे लेता है, मुंह खोलकर सोता है, बार-बार "क्या?" पूछता है, टीवी या मोबाइल की आवाज तेज करता है, पढ़ाई में ध्यान कम लगाता है या दिन में सुस्त रहता है, तो यह एडिनॉयड या कान में तरल जमा होने का संकेत हो सकता है।

### इन कारणों से बढ़ रही परेशानी

विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार एसी का तापमान बहुत कम रखना, बच्चे को सीधे ठंडी हवा में सुलाना, गंदे कूलर-फिल्टर, कमरे की धूल, नमी, फफूंद, धूम्रपान, मच्छर कॉइल, अगरबत्ती, तेज सुगंध, जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक और स्क्रीन टाइम बढ़ना बच्चों में एलर्जी व गले की परेशानी को बढ़ा रही हैं। धूप से आते ही बहुत ठंडा पानी, बर्फ या आइसक्रीम देना भी संवेदनशील बच्चों में लक्षण बढ़ा सकता है। शुरुआती अवस्था में एलर्जी नियंत्रण, नमक-पानी से नाक की सफाई, सही दवा, धूल से बचाव, एसी-कूलर की सफाई, पौष्टिक भोजन, पर्याप्त पानी, नियमित नींद और खेलकूद से लाभ मिल सकता है लेकिन यदि दवा से सुधार न हो, लगातार मुंह से सांस लेना, तेज खर्राटे, नींद में सांस रुकने जैसा लक्षण, बार-बार कान में पानी, सुनाई कम होना या चेहरे-दांतों में बदलाव दिखे, तो विशेषज्ञ द्वारा जांच के बाद एडिनॉयड ऑपरेशन या अन्य उपचार की सलाह दी जा सकती है। उचित समय पर किया गया उपचार बच्चे की सांस, नींद, सुनने, बोली-विकास और पढ़ाई को सुरक्षित रखने में मदद करता है।

### सामान्य ना समझें समस्या को

1–2 सप्ताह से अधिक नाक बंद रहना, लगातार खांसी-जुकाम, गले में बार-बार संक्रमण, खर्राटे, मुंह से सांस लेना या सुनाई कम होने की शिकायत को सामान्य न समझें। बच्चे का मुंह खुला रहना आदत नहीं, बीमारी का संकेत हो सकता है। माता-पिता ऐसे लक्षण नजर आने पर चिकित्सकीय परामर्श लें।

9डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता
प्रोफेसर, ईएनटी विभाग, आरएसडीकेएस मेडिकल कॉलेज अस्पताल

## गैर जमानतीय एवं विस्फोटक अधिनियम की धाराएं जुड़ी

# मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा एजेंसी में आग के मामले में पुलिस ने जोड़ी गंभीर धाराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ आईजी की नोटिस पर सक्रिय हुई कोतवाली पुलिस

मुकेश पटाखा व प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग के मामले में अब पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम व अन्य गैर जमानती धाराएं जोड़ दी है। इसे लेकर आईजी दीपक झा द्वारा एसएसपी को पत्र जारी किया गया था। इसके साथ ही गंभीर धाराएं नहीं जोड़ने को लेकर सीएसपी की टीप के साथ थाना प्रभारी व प्रकरण में अपराध कायमीकर्ता से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिसके बाद इस पूरे मामले में कार्रवाई की गई। बड़ी बात यह है कि प्लास्टिक, थर्माकोल और पटाखों से भरे गोदाम में लापरवाही पूर्वक किए जा रहे गैस वेल्डिंग से आग लगने की पुष्टि हुई है।

23 अप्रैल को राम मंदिर के सामने की गली में संचालित मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा एजेंसी में आग लग गई थी। दुकान एवं गोदाम में बड़े पैमाने पर प्लास्टिक एवं पटाखों का भंडारण होने के कारण आग तीन मंजिले दुकान एवं गोदाम में फैल गई थी। इस दौरान गोदाम में रखे पटाखों मे घंटों विस्फोट होता रहा जिससे आसपास के आधा दर्जन घरों एवं दुकानों में भी आग फैल गई थी तथा भारी नुकसान हुआ है। आग लगने से भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा गोदाम का पिछला हिस्सा गिर गया है। प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान की आग से प्रभावित प्रफुल्ल पाण्डेय ने मामले में कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़ित प्रफुल्ल पाण्डेय के आवेदन पर बीएनएस की मामूली धारा के तहत दुकान संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया था। क्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधियों ने दुकान में पटाखा नहीं होने की बात कही थी। सामाजिक संगठनों के लोग प्रशासन पर मामले को दबाने का आरोप लगा रहे थे। मामले को लेकर सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आईजी दीपक झा से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के साथ ही स्थिति पर चिंता जताई थी। मामले पर संज्ञान लेते हुए आईजी श्री झा ने एसएसपी को पत्र लिखकर कोतवाली थाना प्रभारी से बीएनएस की धारा 324, 326 छ एवं विस्फोटक अधिनियम की धारा 9 नहीं जोड़ने को लेकर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए थे। चर्चा है कि मामले में आईजी ने थाना प्रभारी को तलब कर इस बड़ी लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाई थी। मामले में आईजी द्वारा संज्ञान लेने पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित प्रफुल्ल पाण्डेय द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में इन गैर जमानती धाराओं को जोड़ दी है। मामले में सख्त धाराओं के जुड़ने से दुकान संचालक मुकेश अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है।




### अभी भी धधक रही आग

मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा एजेंसी में आग लगने के एक सप्ताह बाद भी आग धधक रही है। दुकान में अभी भी राख के नीचे भारी मात्रा में प्लास्टिक की सामग्री बची हुई है। बीच-बीच में प्लास्टिक की सामग्रियों से धुंआ एवं आग की लपटें उठ रही हैं। गुरूवार की रात भी दुकान के भू-तल से आग की लपटे उठने पर दमकलकर्मी वाहन लेकर पहुंचे थे लेकिन ऐन समय पर दूसरी जगह आग लगने की सूचना पर कर्मी वाह लेकर चले गए थे। प्रायः हर दिन दुकान के भू-तल से धुंआ एवं आग की लपटें उठने के कारण दमकलकर्मी हर दिन आग बुझाने पहुंच रहे हैं। दुकान में आग धधकने के कारण विशेषज्ञ जांच दल अभी अपनी जांच पूरा नहीं कर पाया है तथा आगे की प्रक्रिया के लिए दुकान की आग बुझाने का इंतजार कर रही है। पुलिस अमले ने एसएसपी के निर्देश पर दुकान से कुछ नमूनों को एकत्र कर एफएसल को सौंपा है। एफएसएल की टीम ने भी दुकान से पटाखों के खोखे, रैपर एवं अधजले प्लास्टिक के नमूने एकत्र किया है।

### अभी जांच अधूरी

विशेषज्ञ समिति अभी तक अपनी जांच पूरी नहीं कर पाई हैं न ही पटाखा के अवशेषों के ही नमूने एकत्र कर सकी है। एफएसएल की टीम को अभी दुकान में आग लगने के कारणों व पटाखा की किस्मों एवं मात्रा आदि की भी जांच करना है। इधर ननि आयुक्त ने भवन को खतरनाक घोषित करने के साथ ही रविवार को दुकान संचालक को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर भवन को सुरक्षित तरीके से हटाने का निर्देश दिया था। हालांकि दुकान संचालक ने अभी तक भवन को नहीं हटाया है। जांच अधूरी रहने के कारण भवन को हटाने के पूर्व टीम को सूचित करने कहा गया है।

### वेल्डिंग की चिंगारी से लगी थी आग

मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा एजेंसी में आग लगने के कारणों एवं भारी मात्रा में पटाखों के भण्डारण को लेकर भले ही कोतवाली पुलिस असमंजस में हो लेकिन आईजी ने अपनी नोटिस में उल्लेख किया है कि 23 अप्रैल को ब्रह्मपारा के घनी रिहायशी व आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से भारी मात्रा में रखे गए पटाखा के भण्डार व दुकान की छत पर आरोपी द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन न कर वेल्डिंग कराए जाने पर वेल्डिंग की चिंगारी से विस्फोटक पदार्थ निकलने के कारण आग लगने से आम जीवन पर संकटापन्न हुआ और उक्त घटना से आसपास के कई मकान व लोग प्रभावित हुए हैं तथा लोगों को भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। प्रकरण में बीएनएस की धारा 224, 226 (छ), बीएनएस एवं विस्फोटक अधिनियम 1984 की धारा 9(ख) भी आकर्षित होती है परन्तु उक्त धारा नहीं जोड़ी गई है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रकरण की कार्रवाई में लापरवाही बरती गई है।

### भेजी गई है घटनास्थल की रिपोर्ट

मामले में घटनास्थल की जांच रिपोर्ट भेज दी गई है। रिपोर्ट में पटाखों के अवशेष मिलने का उल्लेख किया गया है। अभी केमिकल एनालिसिस रिपोर्ट नहीं आई है। दुकान से अभी भी नमूने लेना शेष है।

-कुलदीप कुजूर
एफएसएल अधिकारी

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से डिलीवरी बॉय की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

■ बाईपास सड़क पर हुई घटना, चालक फरार

शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। युवक डिलीवरी बॉय का काम करता था और अपने काम के सिलसिले में निकला हुआ था। इस दौरान बाईपास सड़क पर तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक बाइक समेत ट्रक के बीच में फंसकर लगभग 500 मीटर दूर तक घिसटता रहा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि चलगली थाना अंतर्गत ग्राम बड़कागांव निवासी 22 वर्षीय विनय देवांगन आ. मुकुंद देवांगन डिलीवरी बॉय का काम करता था। 1 मई को युवक अपनी बाइक से सामान डिलीवर करने के लिए वाड्रफनगर से महेवा की तरफ जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह बाईपास सड़क पर पहुंचा चुरैला नाले के समीप युवक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक यूपी 62 बीटी 1080 की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद ट्रक उसे करीब 500 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि घिसटने और चक्के के बीच में आने से कुचलकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वाड्रफनगर चौकी पुलिस ने शव को उठाकर अस्पताल भेजा इसके साथ ही आवागमन बहाल कराया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।



# प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 10 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा की तिथि, परीक्षा समय एवं प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्रों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं-जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए-की तैयारी कराई जाती है।

इसी उद्देश्य से राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है। सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 1 मई 10 मई तक डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी, जिसमें ओएमआर शीट भरने का समय प्रातः 9.30 बजे से 10 बजे तक निर्धारित है तथा परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### 5 साल के मासूम की उपचार के दौरान मौत, जशपुर जिले के कुनकुरी का मामला

# बारात जाने को लेकर पति ने किया विवाद तो पत्नी ने बच्चे के साथ पी लिया कीटनाशक

**अंबिकापुर।** बरात जाने को लेकर पति पत्नी के बीच हुए झगड़े में महिला द्वारा अपने साथ 5 साल के मासूम बच्चे को कीटनाशक पिलाने का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कीटनाशक पीने से गंभीर बच्चे को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां बच्चे की मौत हो गई। इधर कीटनाशक पीकर गंभीर महिला का उपचार कुनकुरी अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के गुमला डोरंडाझरिया निवासी ईश्वर यादव 29 अप्रैल को अपने दोस्त की बारात जाने के लिए जिद कर रहा था जबकि उसकी पत्नी सुलोचनी पति को बारात जाने नहीं देना चाहती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। विवाद के बीच आक्रोशित महिला अपने 5 वर्षीय बच्चे आदित्य यादव को गोद में लेकर अंदर कमरे में चली गई। कुछ समय बाद जब पति कमरे में पहुंचा तो महिला और बच्चे दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था और उनके मुंह से कीटनाशक की गंध आ रही थी। ऐसे में आनन फानन में महिला व मासूम बच्चे को उपचार के लिए परिजन द्वारा कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में बच्चे की हालत गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। बच्चे का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा था। इस दौरान देर रात बच्चे की मौत हो गई जबकि महिला का उपचार कुनकुरी अस्पताल में जारी है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर वर्षव्यापी राष्ट्रीय स्मरणोत्सव

**बलरामपुर।** भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर से 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक की अवधि में देश में इस पर्व को वर्षव्यापी राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिले में इस आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### बलरामपुर जिले का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल से गिरकर महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई एक महिला ने देर रात अस्पताल भवन की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। महिला को दर्द बुखार की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छत से गिरकर गंभीर महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला द्वारा आत्महत्या की गई या फिर किसी हादसे का शिकार हुई इसका पता नही चल सका है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम सेंदुर निवासी 51 वर्षीया कलेश्वरी पति रामधनी आयाम को 27 अप्रैल को जिला अस्पताल बलरामपुर में भर्ती कराया गया था। महिला को पेट दर्द बुखार की शिकायत थी। महिला का उपचार अस्पताल में चल रहा था। महिला के साथ अस्पताल में उसका पति रुका हुआ था। 1 मई की रात लगभग 1.30 बजे महिला का पति रामधनी की नींद खुली तो महिला अपने बिस्तर पर नहीं थी। ऐसे में पति व परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। अस्पताल के बाथरूम और कमरों में उन्होंने कलेश्वरी बाई की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन अस्पताल के बाहर निकले तो महिला भवन के बाहर खून से लथपथ हालत में मिली थी। महिला जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल से नीचे गिरी थी। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। आनन फानन में महिला को उपचार के लिए आपातकालीन कक्ष में भर्ती कराया गया लेकिन महिला की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। देर रात परिजन महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला ने छत से कूदकर अपनी जान दी या फिर वह किसी हादसे का शिकार हुई। मामले में अस्पताल पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है।



घटना स्थल पर बिखरा खून, इनसेट में मृतिका।

घटना को लेकर अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच कराई जा रही है। फिलहाल मामले को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं पर जांच जारी है।



## खबर संक्षेप

### माध्यमिक बोर्ड में स्वरा ने विकासखंड में हासिल किया प्रथम स्थान



**सीतापुर।** छतीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 8वी की बोर्ड परीक्षा परिणाम में नगर की मेधावी छात्रा स्वरा अग्रवाल ने 95.5 प्रतिशत लाकर पूरे विकासखंड में प्रथम स्थान हासिल की है। ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा स्वरा नगर के व्यवसायी एवं आदर्श हार्डवेयर के संचालक राहुल अग्रवाल की सुपुत्री है। इन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है। वर्तमान में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में अध्ययनरत स्वरा भविष्य में सिविल सेवा में जाकर समाज सेवा करना चाहती हैं।

### बोर्ड परीक्षा में अयात ने जिले में हासिल किया सातवां स्थान



**सीतापुर।** छतीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में नगर की मेधावी छात्रा अयात खान ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ विकासखंड में प्रथम एवं पूरे जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया है। शुरू से पढ़ाई में मेधावी रही अयात ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में पूरे विषय मे विशेष योग्यता के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। अपनी इस सफलता से उत्साहित छात्रा अयात ने इसका श्रेय कड़ी मेहनत एवं लगन से की गई पढ़ाई के साथ अपने पिता अजीज खान माता शबनम खान एवं शिक्षकों को दिया है। भविष्य में अयात शिक्षक बनकर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना चाहती है।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल



**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 3 मई रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल



**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 3 मई को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया, मनोचिकित्सक मनोरोग विशेषज्ञ, डॉ.गौरी शंकर सिंह, गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी. कुमार, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.एसके भाटिया, ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन, मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ.निशांत कुमार साहू संबंधित पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

## देर रात तक राशन के लिए परेशान रहे ग्रामीण, संचालक का किया घेराव

# शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन नहीं मिलने से ग्रामीणों का फूटा आक्रोश



तड़के तीन बजे राशन दुकान के सामने राशन के लिए लाइन लगाकर खड़े हितग्राही।



हितग्राहियों को समझाइश देते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

**खास बात**

- पुलिस हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ मामला, जांच के लिए पहुंचे खाद्य अधिकारी

विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम रजपुरीकला की शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण में भारी अनियमितता बरतने पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। माह के अंतिम दिन 30 अप्रैल को बड़ी संख्या मे हितग्राहियों को राशन नहीं मिलने से ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और देर रात तक सोसायटी संचालक का घेराव कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण होते देख पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले तीन दिनों से लोग तड़के 3 बजे से राशन लेने के लिए लाइन में लग रहे थे, लेकिन उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा था। हितग्राहियों का आरोप है कि सोसायटी संचालक हरेंद्र प्रसाद राजवाड़े द्वारा दुकान का संचालन मनमाने तरीके से किया जा रहा है और नियमित रूप से दुकान नहीं खोली जाती। निर्धारित समय पर दुकान नहीं खुलने के कारण हितग्राहियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि 30 अप्रैल को भी हितग्राही तड़के 3 बजे से दुकान के बाहर लाइन लगाए हुए थे। संचालक दोपहर करीब 12 बजे दुकान पहुंचा और रात 10 बजे तक लोगों का ई-पॉस मशीन में थम्ब लगवाया जाता रहा, लेकिन राशन का वितरण नहीं किया गया। थम्ब लगाने के बाद भी राशन नहीं मिलने से नाराज करीब 250 से 300 हितग्राहियों ने देर रात संचालक का घेराव कर राशन वितरण की मांग की। इधर घटना की सूचना मिलने पर लखनपुर थाना प्रभारी संपत पोटाई टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। थाना प्रभारी ने तहसीलदार एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों से फोन से चर्चा कर ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगले दिन अधिकारियों की मौजूदगी में समस्या का समाधान कराया जाएगा। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

### महीने में सिर्फ 10 दिन खुलती है दुकान

राशन कार्ड हितग्राहियों विमला, धनीराम प्रजापति, भुवनेश्वरी, सुमनिया, चंद्रा, सुनीता प्रजापति सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दुकान संचालक द्वारा महीने में मुश्किल से 10 दिन दुकान खोली जाती है और आधा-अधूरा राशन बांटा जाता है। राशन वितरण को लेकर पूछताछ करने पर हितग्राहियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्च और अप्रैल माह का राशन अब तक हितग्राहियों को नहीं मिला है। मजबूरी में कई परिवार बाजार से महंगा चावल खरीदकर गुजर-बसर कर रहे हैं। संचालक की लापरवाही के कारण सरकार की खाद्यान्न योजना का लाभ जरूरतमंद हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

### संचालक ने माना अपनी गलती

सोसायटी संचालक हरेंद्र प्रसाद राजवाड़े ने बताया कि समय पर राशन आवंटन नहीं होने के कारण समस्या उत्पन्न हुई। 21 अप्रैल को पोर्टल खुलने के बाद राशन वितरण शुरू किया गया था। संचालक ने यह भी स्वीकार किया कि उनकी लापरवाही के कारण कई ग्रामीणों को समय पर राशन नहीं मिल पाया।

### जांच के लिए पहुंचे अधिकारी व्यवस्था सुधारने का आश्वासन

देर रात हुए हंगामे के बाद शुक्रवार को जिला खाद्य अधिकारी एसबी कामटे, तहसीलदार अमन चतुर्वेदी और खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर राशन वितरण की जानकारी ली और नियमित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान संचालक को हटाकर नए व्यक्ति की नियुक्ति की जाएगी, ताकि हितग्राहियों को समय पर राशन मिल सके।



कार्यक्रम में शामिल अधिकारी।

# रामगढ़ में सामुदायिक वन प्रबंधन पर हुआ जन संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

- सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

वन अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन और सामुदायिक वन संसाधनों के बेहतर प्रबंधन को लेकर रामगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर महत्वपूर्ण जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2006 में लागू किए गए अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम के तहत वन पर निर्भर समुदायों को उनके अधिकार प्रदान किए गए हैं।

इसी कड़ी में जिले में अब तक 262 ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन की मान्यता मिल चुकी है। हालांकि पिछले 5-6 वर्षों में इन ग्राम सभाओं द्वारा वन संरक्षण और प्रबंधन की गति धीमी रही है। इसे ध्यान में रखते हुए चौपाल ग्रामीण विकास प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा 1 मई को उदयपुर ब्लॉक के रामगढ़ सीता बेंगरा में सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन पर जनसंवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम सभाओं के प्रतिनिधि अपने अनुभव, उपलब्धियां और चुनौतियां को साझा किया। हाथी विशेषज्ञ अमलेंदु मिश्र और गरियाबंद के सामाजिक कार्यकर्ता बेनीपुरी गोस्वामी, विजेंद्र अजनबी,उपेंद्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष, सचिव संघ, अनिल गुप्ता जिला अध्यक्ष सचिव संघ, भोलू राम पंडो मुखिया पंडो समाज, शिवरतन राम पहाड़ी कोरवा समाज प्रमुख, नानमणि पैकरा सदस्य जिला पंचायत, राधा रवि, शशिकला अध्यक्ष जनपद पंचायत लखनपुर, मोनिका पैकरा, बनवारी राम अध्यक्ष सरपंच संघ लखनपुर, खेनराज सरपंच मांजा ने भी अपने अनुभवों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों के संगठन निर्माण, पदाधिकारियों का चयन और भविष्य की कार्ययोजना पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में जंगलों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया गया। इस जन संवाद में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



# बुद्ध पूर्णिमा पर सामूहिक हवन, वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुआ नगर

**रामानुजगंज।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर कनहर नदी तट स्थित प्राचीन राम मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ की पवित्र अग्नि से आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर हो उठा। इस अवसर पर पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा द्वारा भव्य सामूहिक हवन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के साधकों ने श्रद्धा और समर्पण के साथ आहुति अर्पित कर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना की।

योग कक्षा की संचालिका आरती वाजपेई ने बताया कि पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा की गतिविधियां केवल नगर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मध्य प्रदेश के अशोक नगर, ग्वालियर और भोपाल में भी ऑफलाइन कक्षाओं के साथ-साथ यूट्यूब के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। प्रतिदिन साधक इन कक्षाओं से जुड़कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा और विशेष पर्वों पर हवन-यज्ञ का आयोजन संस्था की प्रमुख विशेषता बन चुका है। हवन कार्यक्रम में आरती-ज्ञानेंद्र वाजपेई, सिमी गुप्ता, सोनिया ओइमा, ममता ठाकुर, रामावतार कश्यप, अमित जायसवाल, अरविंद दुबे, संतोष गुप्ता, अनूप गुप्ता, प्रमोद केसरी, बृजेश केसरी, प्रेम गुप्ता, अलोकिक गुप्ता, डॉ. राकेश गुप्ता, अभिषेक जायसवाल एवं अविनाश गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गायत्री मंत्र के साथ आहुति अर्पित की।



# ठेकेदार संघ ने किया श्रमवीरों का सम्मान

**अम्बिकापुर।** मई दिवस के अवसर पर पेट्री कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने श्रमवीरों का सम्मान किया। संभागीय सिविल पेटी कांट्रेक्टर एसोसिएशन द्वारा मई दिवस पर श्रमवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ठेकेदार संघ के अध्यक्ष दीपक अगरिया के नेतृत्व में मजदूर दिवस पर खैरबार रोड शिव शक्ति इंडस्ट्रीज में सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें सरगुजा संभाग के सभी सम्मानित सदस्य आकाश सोनी, गुलाब खान, दीपानकर मजूमदार, सलीम, जयदीप मायती, रमेश खेड़िया, विपुल एवं सम्मानित मजदूर उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी सदस्यों को कपड़े, टोपी, गमछा से सम्मानित किया गया एवं स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर दीपक अगरिया ने कहा श्रमवीर ही किसी भी देश को विकसित होने की पहचान देते है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रामानुजगंज,
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202604270900015/ ब-121 / 2025-2026

-: उद्घोषणा :-

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक गंगा प्रसाद आ. तेरस, उम्र-57 वर्ष, निवासी ग्राम-कृष्णनगर (केरवाशीला), तह. रामानुजगंज, थाना-रामानुजगंज, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर आवेदन इस आशय से पेश किया है, कि मेरा आधार कार्ड नं. 2502, 4731, 6749 बना है, जिसमें मेरा नाम पंचू पिता तेरस अंकित हो गया है, जो त्रुटिपूर्ण है जबकि वास्तविक में आवेदक का नाम गंगा प्रसाद पिता तेरस है, उक्त आधार कार्ड में हुये त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदक के द्वारा आवेदन सह दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

यदि उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 08/05/2026 के पूर्व अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त नियत समयावधि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रा.गंज
(छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
क्रमांक / 967 / अ.वि.अ. / 2026 रामानुजगंज दिनांक 29 / 04 / 2026

-: इश्तहार :-

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक अमित गुप्ता आ. श्रीकृष्ण गुप्ता, जाति-तेली, निवासी नगर-रामानुजगंज, थाना + तहसील - रामानुजगंज, जिला बलरामपुर-रामानुगंज (छ.ग.) द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर आवेदन पेश किया है, कि आवेदक मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड 8634 4783 0700 में वंश कुमार गुप्ता अंकित किया गया है जबकि वर्तमान में मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची एवं अन्य दस्तावेज में अभाष गुप्ता अंकित है। जबकि वास्तव में मेरा पुत्र का नाम अभाष गुप्ता पिता अमित गुप्ता है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन सह दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो आगामी पेशी दिनांक 20/05/2026 को समय 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29/04/2026 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रामानुजगंज

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR
Booking Started For 2026
SESSION 2026-27
LOW PACKAGE / MERIT / MANAGEMENT / NRI
MBBS | BDS | MS | MD
ALL OVER INDIA
CHHATISGARH | RAJASTHAN | HARYANA | DELHI
UTTARAKHAND | UTTAR PRADESH | OTHER STATES | TOP PVT. MEDICAL COLLEGES
ADMISSION STARTED
• COLLEGES COUNSELLING
• DEEMED COLLEGE COUNSELLING
• STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
• FORM FILLUP ASSISTANCE
• LOW PACKAGE
100% Admission Assistance
NRI & Management Quota Seats
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA
9109920477

# प्रभारी उप पंजीयक के आने से मिली पक्षकारों को राहत



**सीतापुर।** उप पंजीयक कार्यालय में प्रभारी उप पंजीयक की पदस्थापना किए जाने के बाद कार्यों में तेजी आई है।

विगत कुछ समय से उप पंजीयन कार्यालय में स्टाफ की कमी रही है। इस दौरान तहसीलदार सीतापुर को उप पंजीयक का प्रभार दिया गया था लेकिन राजस्व विभाग में कार्य की अधिकता होने के कारण पंजीयन का काम धीमा हो गया था और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस बीच कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा कार्यालय में पदस्थ लिपिक अर्चना जायसवाल को उप पंजीयक का प्रभार सौंपा गया है। उप पंजीयक के प्रभार में आने के बाद कार्य में तेजी आई है और पक्षकारों को राहत मिली है। सीतापुर के दस्तावेज लेखक विपिन दुबे व अन्य ने बताया कि वर्तमान में पदस्थ प्रभारी उप पंजीयक को पंजीयन नियमावली की बेहतर जानकारी है जिससे पक्षकारों के भूमि पंजीयन एवं नामांतरण का त्वरित कार्य निष्पादन किया जा रहा है। नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीयन के पूर्व भूमि का ऑनलाइन लोकेशन भी प्रदर्शित होता है।

इस संबंध में प्रभारी उप पंजीयक अर्चना जायसवाल ने बताया कि जिला पंजीयक विवेक कुमार सिंह के मार्गदर्शन व नवीन तकनीकी पंजीयन प्रणाली की जानकारी से ही त्वरित पंजीयन कार्य निष्पादन किया जाना संभव हो पा रहा है।

# कार्य में लापरवाही पर पीएचसी कुन्नी का स्वीपर निलंबित

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा बीते 2 अप्रैल को विकासखण्ड लखनपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुन्नी का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान स्वीपर शिवरात्र तिर्की अपने कार्य से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये एवं अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतना पाया गया। इस संबंध में कलेक्टर श्री वसंत के निर्देशानुसार उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब प्रेषित नहीं किया गया। जवाब अप्राप्त होने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जांच दल गठित कर जांच करायी गयी, जांच प्रतिवेदन अनुसार यह पाया गया कि शिवरात्र प्राथमिक स्वा. केन्द्र कुन्नी में दैनिक उपस्थिति दर्ज कर संस्था से नदारद रहते हैं। उन्हें इस संबंध में कई बार चेतावनी एवं समझाइश दी गयी थी। कार्य में सुधार नहीं आने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया। जिसमें शिवरात्र तिर्की को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय विकासखण्ड बतौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बटईकेला निर्धारित किया गया है। शिवरात्र तिर्की को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ नहीं करेगा दुष्कर्म के आरोपियों की पैरवी



**अंबिकापुर।** सीतापुर क्षेत्र की आदिवासी बच्चियों से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर समाज के हर तबके में आक्रोश है। इस घटना को लेकर भाजपा की विधि प्रकोष्ठ ने भी आरोपियों की पैरवी नहीं करने का निर्णय लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के निर्देश पर विधि प्रकोष्ठ की बैठक में अधिवक्ताओं एवं पदाधिकारियों ने घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए पीड़ित बच्चियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की मांग की। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं अधिवक्ता जनमेजय पांडेय ने बताया कि हम सब ने सर्व सहमति से पैरवी न करने का निर्णय लिया है, उन्होंने बताया कि अधिवक्तागण उक्त जघन्य अपराध के आरोपियों की किसी भी प्रकार से न कानूनी सहायता करेंगे और न उनका केस लड़ेंगे। बैठक में यह भी कहा गया कि इस प्रकार के अमानवीय कृत्य समाज में असहनीय हैं और ऐसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### कैडेट को शौर्य प्रतिभा सम्मान से किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल के कैडेट ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के



लिए कैडेट को' शौर्य प्रतिभा सम्मान योजना' के अंतर्गत सम्मानित किया गया। यह सम्मान सरगुजा आयुक्त नरेंद्र दुग्गा द्वारा प्रदान किया गया। कैडेट को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए रजत पदक एवं प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा होती है। कैडेट ने अपने परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कैडेट की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं।

### सैनिक स्कूल अंबिकापुर में इंटर-हाउस हॉकी टूर्नामेंट का सफल आयोजन

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में इंटर-हाउस हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न हाउसों के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। टूर्नामेंट का आयोजन तीन वर्गों जूनियर बालक, सब जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में किया गया। सभी मुकाबले रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती रही। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता तथा अनुशासन निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रतियोगिता के परिणामों में अर्जन हाउस एवं विजयंता हाउस ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के दौरान शानदार खेल प्रदर्शन के लिए कैडेट जोंसी केरकेट्टा, कैडेट लव कटारा एवं कैडेट घनश्याम को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से नवाजा गया। उन्हें ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे कैडेटों को स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर द्वारा सम्मानित किया गया।

### आग की चपेट में आने से झुलसी महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** चाय बनाने के दौरान आग की चपेट में आने से गंभीर हुई महिला की निजी अस्पताल में मौत हो गई। महिला गैस जलाकर जैसे ही जलते माचिस की तिल्ली को फेकी तभी डिब्बा में रखे पेट्रोल में आग पकड़ लिया जिससे आग की चपेट में आ गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस के मुताबिक सीतापुर अंतर्गत ग्राम रजौटी निवासी ममता कुमारी अग्रवाल पति उमेश अग्रवाल (22 वर्ष) 21 अप्रैल को दिन में चाय बनाने के लिए गैस जलाए और जलते तिल्ली को पास ही फेंक दी। तिल्ली पास ही रखे पेट्रोल रखे डिब्बा के संपर्क में आने से आग पकड़ लिया जिससे महिला आग की चपेट में आ गई। परिजन महिला को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### करंट की चपेट में आने से ग्रामीण गंभीर, मौत

**अम्बिकापुर।** रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम पटेवा निवासी राम सूरत पावले आ. स्व. जनक सिंह (49 वर्ष) 25 अप्रैल को पत्नी व बेटी के साथ लगाए गए प्यास की फसल में पंप से पानी पटा रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। पिता के करंट की चपेट में देख बेटी शोर मचाने लगी जिस पर पत्नी ने विद्युत तार कर डंडे से अलग किया। परिजन राम सूरत को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

## बैजनाथपुर जलाशय में मंडरा रहा संकट, 2.22 करोड़ की स्वीकृति के बावजूद काम ठप

# एसईसीएल खदान की मिट्टी से भरता जा रहा जलाशय, करोड़ों की मरम्मत योजना अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

**खास बात**
- जलाशय का दायरा घटने से खेती किसानी पर पड़ सकता है असर

गांव का जलस्तर न गिरे और कुआं, हैंडपंप, बोर में पर्याप्त मात्रा में जल हो इसे ध्यान में रखकर जलाशय का निर्माण किया जाता है। जहां जलाशय होता है उसके आसपास गांव में न सर्फ जल स्तर बरकरार होता है बल्कि खेती किसानी के लिए ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होतो है। इसी उद्देश्य से सालो पूर्व ग्राम बैजनाथपुर में जलाशय का निर्माण किया गया परंतु जलाशय इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रहा है। एक ओर करोड़ों रुपये की स्वीकृत मरम्मत योजना अधूरी पड़ी है, वहीं दूसरी ओर एसईसीएल भटगांव खदान से निकल रही मिट्टी जलाशय में डंप किए जाने से स्थिति और भयावह हो गई है। इस दोहरी लापरवाही ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

भैयाथान विकासखंड अंतर्गत ग्राम बैजनाथपुर में क्षेत्र किसानों को लाभ मिल सके इस उद्देश्य से साल 1978 में लगभग 8 लाख की लागत से जलाशय का निर्माण कराया गया। लगभग 55 एकड़ में निर्मित जलाशय निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आसपास गांव के लोगों को इसका लाभ मिलने लगा और क्षेत्र का जल स्तर भी बरकरार होने से कुंआ, ढोढ़ी, बोर सहित



बैजनाथपुर जलाशय।

### प्रशासन से लगाई गुहार

ग्राम बैजनाथपुर के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से आवेदन प्रस्तुत कर प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जलाशय क्षेत्र में मिट्टी डंपिंग तत्काल रोकी जाए, दोषी अधिकारियों, एसईसीएल प्रबंधन और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही वर्षा ऋतु से पहले गुणवत्ता के साथ मरम्मत कार्य पूर्ण कराया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम पंचायत बैजनाथपुर के सरपंच निल सिंह, अभय प्रताप सिंह, प्रदीप राजवाड़े, बुद्धदेव सिंह, मानिक चंद राजवाड़े, शैलेश उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

#### फसल हो सकती है चौपट

बैजनाथपुर जलाशय की मरम्मत नहीं होने तथा एसईसीएल से निकल रही मिट्टी के जलाशय में डंप करने से जलाशय के पटने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य पूरा नहीं कराया गया और मिट्टी डंपिंग नहीं रोकी गई, तो बारिश में खेतों में पानी भरने से फसलें चौपट हो सकती हैं, गांव में जलभराव और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाएगी। ऐसे में जन-धन की हानि से इंकार नहीं किया जा सकता।

#### जीएम ने दिया आश्वासन

जलाशय में खदान की मिट्टी डंप किए जाने की शिकायत को लेकर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने समस्या के संबंध में भटगांव खदान के जीएम शरद कुमार तिवारी को अवगत कराया। ग्रामीणों बताया कि ओपन कास्ट खदान की मिट्टी कटाव होकर डेम में आ रहा है जिससे डेम का अस्तित्व खतरे में है। जिस पर जीएम ने आश्वासन दिया कि उसको हटाने का जल्द ही प्रयास किया जाएगा।

हेण्ड पंप से लोगों को निस्तार सहित खेती किसानी के लिए भी पर्याप्त पानी की सुविधा मिलने लगे। लंबे समय तक जलाशय की मरम्मत होने होने से बारिश के बाद जलाशय सूखने लगी। जलाशय में बारिश का पानी संग्रहित हो इसे लेकर बैजनाथपुर (ब) जलाशय के मरम्मत कार्य के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 करोड़ 22 लाख 79 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति 13 अगस्त 2024 को जारी की गई थी। कार्य जल संसाधन विभाग के माध्यम से ठेकेदार को सौंपा गया और शुरू भी हुआ लेकिन ठेकेदार ने कार्य बीच में ही अधूरा छोड़ दिया। दिसंबर माह में ही जलाशय को मरम्मत के लिए सूखाया गया लेकिन आज तक मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं हो सकी। ग्रामीणों का आरोप है कि एक ओर ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य बंद कर दिया गया है वहीं दूसरी ओर एसईसीएल भटगांव क्षेत्र से निकाली जा रही भारी मात्रा में मिट्टी को जलाशय और उसके आसपास डंप किया जा रहा है, जिससे जलभराव क्षेत्र लगातार कम होता जा रहा है, बांध की जलधारण क्षमता लगभग समाप्त हो गई है, जलाशय की संरचना को गंभीर नुकसान पहुंचा है, इससे जलाशय का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। ऐसे में इस पूरे मामले में जल संसाधन विभाग, एसईसीएल प्रबंधन और संबंधित ठेकेदार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य की निगरानी और जवाबदेही तय नहीं होने के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

#### ग्रामीणों ने कराया है काम बंद

जानकारी मिली है काम को ग्रामीणों ने बंद करवाया है। एसी साहब अभी हाल ही में वहां जाकर मौके का जायजा लेंगे और ग्रामीणों को समझाएंगे। एसईसीएल से बात हुई है जहां खदान की मिट्टी डेम में आ रही है वहां पर वाल्व लगाने की बात हुई है।

-तरन्नुम ख़ानम
ई-जल संसाधन विभाग



# पथरी की बीमारी से गंभीर मरीज की उपचार के दौरान मौत, परिजन ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चिकित्सकों पर लगाया समय पर उपचार नहीं करने का आरोप

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पथरी की बीमारी से गंभीर मरीज की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही समय पर उपचार नहीं करने का आरोप लगाया है। इधर अस्पताल प्रबंधन ने युवक की मौत के लिए परिजन को जिम्मेदार ठहराया है जिसके बाद परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। फिलहाल इस मामले में दोनों पक्षों के बीच चर्चा की जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम जमड़ी करदोनी निवासी राजपाल खलखो को पेट में दर्द और पथरी की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के मामले में परिजन जयमनी किस्पोट्टा व सुशीला किस्पोट्टा का आरोप है कि अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उपचार के दौरान लापरवाही बरती गई। समय पर मरीज को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया। इसके साथ ही युवक जब पेट दर्द और जलन से तड़प रहा था तो परिजन लगातार चिकित्सक से मिलकर जांच करने की गुहार लगा रहे थे लेकिन किसी भी चिकित्सक ने उसका उपचार नहीं किया। मरीज की बीपी तक नहीं ली गई। परिजन का कहना है कि युवक की मौत के बाद चिकित्सक और कर्मचारियों द्वारा उनके साथ गलत व्यवहार किया गया और परिजन को ही युवक की मौत का जिम्मेदार ठहरा दिया गया। चिकित्सकों ने परिजन पर आरोप लगाया कि मना करने के बाद भी उन्होंने मरीज को खाना खिलाने के साथ ही पानी पिलाया जिससे उसकी तबियत बिगड़ी जबकि परिजन का कहना है कि किसी भी डॉक्टर ने उन्हें ऐसा करने से मना नहीं किया था। जब उसकी हालत नाजुक हो गई तो उसे आईसीयू में लेकर जाने लगे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन व चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद प्रबंधन के अधिकारी और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही थी।

#### पीएम से होगा मौत का कारण स्पष्ट

मरीज को पेट में पथरी की शिकायत थी, आईसीयू में शिफ्ट किया जा रहा था। उनको कुछ भी पिलाना नहीं था। परिजन ने कुछ पीला दिया जिससे उनकी तबियत खराब हुई। गार्ड ने वीडियो बंनाने से रोका था। आईसीयू क्षेत्र में प्रतिबंधित होता है। पीएम के बाद मौत का कारण पता चलेगा।

-डॉ. संतू बाग
मेडिकल कॉलेज अस्पताल

# युवक को कुर्सी में बांधकर बेदम पिटाई का वीडियो वायरल होने के मामले में काउंटर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दो दिवस पूर्व जयनगर थाना क्षेत्र के मदनपुर में एक युवक को कुर्सी में बांध कर बेल्ट से बेदम पिटाई करने मामले में वायरल हुए वीडियो के बाद जयनगर पुलिस ने मामले में काउंटर अपराध दर्ज किया है।पूरा मामला युवती से मोबाइल में चैटिंग करने की बात को लेकर विवाद होना सामने आया है। इधर सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है और आरोपितों सहित दूसरे पक्ष के युवक के खिलाफ काउंटर अपराध दर्ज किया है।

मारपीट घटना के शिकार हुए युवक श्याम मिलन पिता चिंतामणि निवासी मैनपाट थाना कमलेश्वरपुर ने पुलिस में



शिकायत दर्ज कराया कि वह स्वयं के ट्रैक्टर से पिछले पांच दिनों से मिट्टी ढोने का काम करने मदनपुर आया हुआ है।जहां उसकी पहचान एक युवती से हुई युवती ने उसे मोबाइल नंबर दिया और कहा कि लेबर का जरूरत होगा तो बताना इतने में इसने युवती का नंबर ले लिया।इसी नंबर से पलास राय उर्फ डब्बू उससे लड़की बनकर मोबाइल में चैटिंग कर रहा था।30 अप्रैल को उसे मोबाइल से मैसेज कर पलास राय अपने घर बुला लिया। यहां पहले से उपस्थित अन्य लोग उसे पकड़ कर कुर्सी में बैठा कर नितिन, पलास राय सहित दो अन्य लोग पकड़ कर उसे बेल्ट से बेदम पिटाई की है। साथ ही मार कर दफना देने धमकी भी दी गई।रिपोर्ट पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) 3(5) के तहत केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।वही दूसरे पक्ष की महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर स्वामी श्याम मिलन के खिलाफ बीएनएस की धारा296, 351(2) के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर मामले को जांच में लिया है। बता दें कि घटना में युवकों ने ट्रेक्टर स्वामी को कुर्सी में बांधकर चमड़े की बेल्ट से बेरहमी के साथ घंटों मारपीट किया जिससे उसके पीठ सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गहरे जख्म उभर आए।युवक को कुर्सी में बैठा बांधकर मारपीट मामले का वीडियो सोशल मीडिया में जब वायरल हुआ तब पुलिस युवक की तलाश कर पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर लिया है।युवक से बेरहमी से की गई मारपीट क्रूरता की हदें पार करने वाले वीडियो और युवक के पीठ के उभरे जख्म घटना की संवेदन शीलता दर्शा रही है।

# जनगणना 2027: प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रारंभ

- कलेक्टर ने ग्राम पंचायत आमदरहा में जनगणना कार्यों का किया निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य आज से प्रारंभ हो गया है। जनगणना कार्य 30 मई तक संचालित किया जाएगा। इस चरण के तहत जिले के प्रत्येक मकानों का भौतिक सत्यापन करते हुए उसकी स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं अन्य मूलभूत जानकारियों का संकलन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जनगणना कार्यों की प्रगति का जायजा लेने हेतु ग्राम पंचायत आमदरहा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों से जनगणना प्रक्रिया की जानकारी ली तथा कार्य की गुणवत्ता के साथ समय पूर्व जनगणना कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण नागरिकों को जागरूक करने के लिए मुनादी कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई समस्त जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एकत्रित आंकड़ों को सुरक्षित सर्वर पर एनक्रिप्टेड रूप में संग्रहित किया जाए तथा किसी भी व्यक्ति विशेष की पहचान, नाम अथवा पता सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने जनगणना के नाम पर होने वाले संभावित फर्जीवाड़े से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि नागरिक केवल शासन द्वारा अधिकृत प्रगणकों को ही सही एवं सत्य जानकारी प्रदान करें। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि जनगणना देश



के समग्र विकास की आधारशिला है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का निर्माण एवं संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने समस्त नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, तहसीलदार कृष्णा कवंर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार के पहले दिन बरकेला में मिले 494 आवेदन, 454 का त्वरित निराकरण भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों से किया संवाद

शुक्रवार से सरगुजा में सुशासन तिहार 2026 के तहत अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बरकेला क्लस्टर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 25 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी मांग एवं शिकायतों के लेकर 494 आवेदन दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा 454 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। शेष आवेदनों को जांच पश्चात आवेदकों को निराकरण की सूचना दी जाएगी। शिविर में कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, मत्स्य सहित कुल 27 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कई मांगों का मौके पर निराकरण करते हुए



हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। जन समस्या निवारण शिविर का कलेक्टर अजीत वसंत एवं जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों की मांग एवं शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री वसंत ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी मांगे एवं समस्याएं सुनीं। उन्होंने कई मांगों का मौके पर निराकरण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा प्राप्त शिकायतों पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने ग्राम पंचायतों में संचालित आंगनवाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएं, जिससे समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान शिविर में जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, श्रीमती पायल सिंह तोमर, श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, जनपद अध्यक्ष विक्रम सोनपाकर, जनपद सदस्य, सरपंचगण सहित एसडीएम बनसिंह नेताम, जनपद सीईओ राजेश सेंगर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 5 को

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि 5 मई को जिला पंचायत सरगुजा की सामान्य सभा की बैठक दोपहर 11 बजे जिला पंचायत सरगुजा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने बैठक में सर्व सम्बन्धितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने कहा गया है।










हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166